दैनिक
न्याय साक्षी

# खबरें खास



## महत्वपूर्ण एवं खास

### पंचायत सचिव एकादशिया बैरागी निलंबित

**रायगढ़।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने जनपद पंचायत बरमकेला ग्राम पंचायत बरपाली के पंचायत सचिव एकादशिया बैरागी को उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों की पालन नहीं करने, अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के लिए प्रथम दृष्टयां दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत बरमकेला निर्धारित किया गया है।

### उत्तर पूर्वी हवाओं के प्रवेश से तापमान में आएगी गिरावट

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में उत्तर-पूर्व से हवा आ रही है जिसके कारण ठंड में इजाफा हो रहा है। मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में अगले 3 दिनों में 3-4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट सम्भावित है, साथ ही अधिकतम तापमान में गिरावट होगी परन्तु ज्यादा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। 19 से 21 दिसम्बर को प्रदेश के कुछ पैकेट में हल्की से मध्यम घना कोहरा प्रातःकाल में रहने की प्रबल संभावना है। कोहरा बनने का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छग रहने की सम्भावना है। महीने के अंतिम सप्ताह में देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी होने की संभावना केन्द्रीय मौसम विभाग ने व्यक्त की है जिसके कारण जनवरी के प्रथम सप्ताह में प्रदेश में तापमान में और गिरावट आएगी। अभी इस समय प्रदेश में कहीं भी शीतलहर के हालात नहीं है।

### प्रदेश में 32 नए मरीज, सर्वाधिक 8 सूरजपुर में

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में अब रोजाना डिस्चार्ज से ज्यादा कोरोना संक्रमित मरीज मिलने लगे हैं। दिसंबर के 16 दिनों में 514 केस रिपोर्ट हुए हैं यानी रोजाना 32 मरीज मिल रहे हैं जबकि 471 डिस्चार्ज हुए हैं। डिस्चार्ज होने वालों का औसत 29.43 प्रतिशत है। प्रदेश में गुरुवार को 32 नए केस रिपोर्ट हुए हैं, जबकि 26 डिस्चार्ज हुए हैं। कोरोना से एक भी मौत दर्ज नहीं की गई है।24 घंटे में सर्वाधिक केस सूरजपुर में 8 तथा रायपुर में 7 केस रिपोर्ट हुए हैं।16 जीलो बेमेतरा, कबीरधाम, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, बिलासपुर, मुंगेली, कोरिया, बलरामपुर, जशपुर, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाडा, सुकमा, कांकेर और नारायणपुर मे कोरोना की एक भी केस नहीं मिले हैं। राजनांदगांव, बालोद, बलौदाबाजार, जांजगीर - चांपा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और बीजापुर में एक-एक केस मिले हैं। प्रदेश में 359 एक्टिव केस है, जिसमें सर्वाधिक 72 रायगढ़ के शामिल है।

### भारत सरकार से छत्तीसगढ़ को मिला एक और राष्ट्रीय पुरस्कार

**रायपुर (आरएनएस)।** गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ को सीसीटीएनएस और आईसीजेएस के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अवॉर्ड दिया है। बता दें कि सीसीटीएनएस और आईसीजेएस में गुड प्रेक्टिस के लिए देशभर में छत्तीसगढ़ को दूसरा स्थान मिला है। क्राईम एंड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क सिस्टम और इंटर-ऑप्रेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बेहतर कार्य के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को पुरस्कार दिया है।

## भवन उन्नयन का काम देखने कलेक्टर भीम सिंह पहुंचे शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत संचालित शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां स्कूल भवन के उन्नयन से जुड़े निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल भी इस दौरान उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिंह ने पिछले माह इंग्लिश स्कूल के उन्नयन संबंधी निर्माण कार्यों का जायजा लिया था। जिसमें उन्होंने ठेकेदार को 15 दिसम्बर तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। इसी सिलसिले में कलेक्टर सिंह ने समयावधि पूर्ण होने के पश्चात स्कूल भवन का पुनः निरीक्षण किया। यहां भवन निर्माण व उन्नयन से जुड़े कार्य पूर्ण किए जा चुके है। कलेक्टर सिंह ने यहां तैयार की गई विभिन्न विषयों की प्रयोगशाला, पुस्तकालय, क्लास रूम, शौचालय व पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रयोगशाला में प्रायोगिक उपकरणों के व्यवस्थित रख-रखाव के लिए पर्याप्त संख्या में रैक व काउंटर्स लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रायोगिक टेबल को भी व्यवस्थित रूप से जमाने के लिए कहा। उन्होंने शौचालयों में पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रों के पेयजल हेतु उचित स्थानों पर वाटर कूलर भी लगाने के लिए कहा। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर वहां पढ़ रहे बच्चों से भी चर्चा की। उन्होंने बच्चों से स्कूल के अपग्रेडेशन के साथ उनकी पढ़ाई-लिखाई से जुड़े सवाल पूछे। बच्चों ने स्कूल में हुए कार्यों को लेकर खुशी जाहिर की और भवन को पहले से बेहतर सुविधाजनक व व्यवस्थित बताया। साथ ही बच्चों ने अपनी अलग-अलग विषयों में हुई पढ़ाई के बारे में भी जानकारी दी।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, ईई पीडब्लूडी आर.के.खाम्बरा, तहसीलदार सुनील अग्रवाल, डीएमसी आर.के.देवांगन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**खेल मैदान में बनेगा व्हालीबाल व बास्केटबाल कोर्ट-** कलेक्टर सिंह ने स्कूल के मैदान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मैदान की साफ-सफाई कराने तथा अच्छी लैण्डस्केपिंग कराते हुए मैदान को व्यवस्थित करने के लिए कहा। उन्होंने यहां बच्चों के खेलने के लिए एक व्हालीबाल व बास्केटबाल कोर्ट बनाने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य खेल गतिविधियों के लिए भी मैदान में व्यवस्था बनाने के लिए कहा। जिससे बच्चे स्पोर्टस एक्टीविटी का लाभ भी यहां ले सके। उन्होंने मैदान के प्रवेश द्वार में मजबूत गेट लगाने व चौकीदार तैनात करने के लिए भी कहा। जिससे मैदान व स्कूल भवन की उचित देखभाल हो।

**झाराशिल्प एम्पोरियम में चलेगा केलो मार्ट, मिलेंगे पारंपरिक व्यंजन -** कलेक्टर सिंह ने शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल के सामने स्थित झाराशिल्प एम्पोरियम का भी निरीक्षण किया। इसे उन्होंने महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के विक्रय के लिए केलो मार्ट के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए है। इसी सिलसिले में उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से निरीक्षण के दौरान केलो मार्ट शुरू करने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने भवन में आवश्यक निर्माण कार्य करने तथा यहां जिले की महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद जैसे सवई घास के प्रोडक्ट, लैलूंगा के मिट्टी के बर्तन, घानी के शुद्ध तेल, शहद, अन्य खाद्य उत्पाद को विक्रय के लिए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यहां गढ़ कलेवा की तर्ज पर पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का सेल काउंटर भी लगाने के निर्देश दिए। जिससे शहर के लोगों के साथ ही स्कूली बच्चों को भी कैंटीन का एक विकल्प यहां मिल सकेगा।

## नगरीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रों में 20 दिसम्बर को मतदान के लिए अवकाश की घोषणा

**» सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी की अधिसूचना**

**रायगढ़।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नगरीय निकाय आम/उप निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस को अवकाश घोषित किए जाने के लिए अधिसूचना जारी की है। जिसके अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्रों में 20 दिसम्बर 2021 दिन-सोमवार को मतदान संपन्न कराने अवकाश घोषित किया गया है। रायगढ़ जिले के सारंगढ़ नगर पालिका परिषद के सभी 15 वार्ड क्षेत्र में आम चुनाव एवं रायगढ़ नगर निगम के वार्ड क्रमांक 9 तथा 25 वार्ड क्षेत्र में उप चुनाव हो रहे है। अतः उक्त निर्वाचन क्षेत्रों में 20 दिसम्बर 2021 दिन-सोमवार को मतदान करने के लिए अवकाश का दिन होगा। इस दिन उक्त निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित शासकीय संस्थानों/कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## ग्रामीण से 50 लाख की ठगी कर फरार हुए आरोपी को तमनार पुलिस ने ओडिसा से किया गिरफ्तार

**» कम कीमत में जमीन दिलाने के नाम पर अपने खाते में धोखाधड़ी से रूपए ट्रांसफर कर था फरार**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर तमनार पुलिस द्वारा ग्राम नागरामुड़ा के रहवासी से 50,12,460 रूपये की ठगी कर पुलिस से लुकछिप कर रहे आरोपी को थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक एल.पी. पटेल व हमराह स्टाफ द्वारा ओडिसा बालांगीर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

रिपोर्टकर्ता युधिष्ठिर विश्वाल पिता लक्ष्मण विश्वाल उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम नागरामुडा थाना तमनार बताया कि इसकी ग्राम नागरामुडा की लगभग 09 एकड़ भूमि को जिंदल पावर प्लांट में अधिग्रहण किया गया जिसका वर्ष 2013 में 93,93,000 रूपये इसके एसबीआई तमनार में एवं 45,00,000 रू. ग्रामीण बैंक धौराभांठा में जमा हुआ था। कम पढालिखा होने और लेनदेन में कमजोर होने पर गांव के विभूति प्रसाद गुप्ता से सहयोग लेता था। विभूति प्रसाद कम कीमत में जमीन दिला दूंगा कहकर इसके अशिक्षित होने का फायदा उठाकर 50,12,460 रूपए को अपने खाता में ट्रांसफर कर लिया। युधिष्ठिर विश्वास रकम वापस करने को कहने पर रकम वापस नहीं किया और दिनांक 06.11.2020 को एग्रीमेंट करके रकम वापस करने का शपथ पत्र लिखकर दिया था उसके बाद भी रकम वापस नही किया। मांगने पर विवाद करता था और दिनांक 11.03.2021 को एक भी पैसा वापस नहीं करूंगा कहकर धमकी दिया। जिसके बाद दिनांक 20.12.2021 को युधिष्ठिर विश्वाल द्वारा थाना तमनार आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 420 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये दबिश दिया गया किन्तु आरोपी फरार हो गया।

आरोपी विभूति प्रसाद गुप्ता की पतासाजी के लिये लगाये गये मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी तमनार एल.पी. पटेल को सूचना दिया गया कि आरोपी उड़ीसा के बलांगीर थाना क्षेत्र में किसी आश्रम में छिपा हुआ है जिस पर थाना प्रभारी तमनार अपने स्टाफ के ओडिसा रवाना होकर कई आश्रमों में आरोपी की पतासाजी की गई, आरोपी बलांगीर के एक आश्रम में मिला जिसे हिरासत लेकर थाना लाया गया, पूछताछ करने में अपराध स्वीकार किया है। आरोपी विभूति प्रसाद गुप्ता पिता आरतोराम गुप्ता उम्र 39 वर्ष निवासी नागरामुडा थाना तमनार को आज दिनांक 17.12.2021 को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है, जिसके परिजनों को उसकी गिरफ्तारी की सूचना दी गई है।

## कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**» सात महीने से युवती का शोषण कर रहा आरोपी रिपोर्ट के 5 घंटे के भीतर हुआ गिरफ्तार**

**» महिला का शारीरिक शोषण कर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड**



**रायगढ़।** महिला संबंधी अपराधों में गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने वाली सकोतवाली पुलिस द्वारा कल दिनांक 16/12/2021 की रात्रि युवती द्वारा दर्ज कराये गये दुष्कर्म रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध दर्ज के पांच घंटे के भीतर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर द्वारा स्टाफ के साथ आरोपी की पतासाजी के लिये उसके ठिकानें पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे आज रिमांड पर भेजा गया है।

पीड़ित युवती कल दिनांक 16.12.2021 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि करीब 08 माह पहले अजीत महंत से जान परिचय हुआ था। दोनों में प्रेम संबंध होने के बाद से अजीत महंत पिछले सात महीनों से शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण कर रहा है। युवती बताई कि उसके बातों पर विश्वास कर उसका साथ देती रही। पिछले माह अजीत द्वारा शादी करने से साफ इंकार कर देने पर अजीत महंत के घर जाकर उसके माता-पिता से मिली पर उनके द्वारा अलग-अलग जाति समाज के हो शादी नहीं कर सकते कहकर मना कर दिये। तब युवती द्वारा अजीत महंत पर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना प्रभारी कोतवाली मनीष नागर, उप निरीक्षक मानकुंवर के हमराह स्टाफ आरोपी अजीत महंत पिता मनोहर दास महंत उम्र 21 वर्ष निवासी सरस्वती शिशु मंदिर रोड़, लक्ष्मीपुर थाना कोतवाली रायगढ़ को रिपोर्ट दर्ज के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

एक अन्य दुष्कर्म प्रकरण के फरार आरोपी पुरूषोत्तम पटेल पिता कृपाराम पटेल उम्र वर्ष निवासी देवलसुर्रा थाना पुसौर हाल मुकाम वाल्मिकी अम्बेडकर आवास रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण की पीड़िता दिनांक 26.12.2021 को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि जनवरी 2017 में पुरूषोत्तम पटेल ऊर्फ पुरूषोत्तम राज निवासी देवलसुर्रा पुसौर घर में वायरिंग का काम लिया था, इस दौरान जान परिचय हुआ था। उसके बाद से पुरूषोत्तम का इसके घर आना जाना था। माह फरवरी 2021 से पुरूषोत्तम पटेल शादी का आस्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। दिनांक 21/11/2021 को पुरूषोत्तम पटेल इसे बताया कि उसके घर वाले दुसरी लडकी से शादी कर रहे हैं, इसके द्वारा विरोध करने पर पुरूषोत्तम पटेल इसे घर पर छोडकर चला गया। थाना कोतवाली में महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने पर आरोपी फरार हो गया था जिसे आज मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## मालगाड़ी के 17 डिब्बे पटरी से उत्तरे, रेलवे कर्मचारी मार्ग बहाल करने की कोशिश में जुटे



**रायपुर(आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में एक बार फिर मालगाड़ी डिरेल हुई है। मालगाड़ी के 17 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। बताया जा रहा है कि, तकनीकी कारणों की वजह से हादसा हुआ है। हादसा सुबह करीब 4 बजे का बताया जा रहा है। फिलहाल घटना स्थल पर डीआरजी और आरपीएफ के जवान पहुंच गए हैं। रेलवे के कर्मचारी मार्ग बहाल करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। मामला भांसी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार-शुक्रवार की रात किरंदुल से लौह अयस्क लेकर मालगाड़ी विशाखापट्टनम जा रही थी। इस बीच भांसी और कमालूर के बीच मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर गए। इसे नक्सली करतूत बताया जा रहा था, लेकिन मौके में किसी भी प्रकार के कोई भी नक्सल बैनर या नक्सल गतिविधियों की जानकारी नहीं मिली है।

## विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला संपन्न

**» आयुर्वेद से 376 व होम्योपैथी पद्धति से 104 हितग्राहियों का किया गया स्वास्थ्य जांच**



**रायगढ़।** बाघाडोला के सरपंच श्रीमती सुमति डेहरी के मुख्य आतिथ्य में आज विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन विकासखण्ड पुसौर के सामुदायिक भवन बाघाडोला में संपन्न हुआ। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आयुर्वेद पद्धति बहुत ही प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। आयुर्वेद से कोई भी बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है और इसके सेवन से कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता है। आमजनों तक लाभ पहुंचाने के लिए इस प्रकार के स्वास्थ्य मेला का आयोजन आयुष विभाग द्वारा किया जाता है, जो सराहनीय है।

इस दौरान उप सरपंच बाघाडोला वासु चौहान भी उपस्थित थे। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत ने बताया कि स्वास्थ्य मेला में 480 हितग्राही लाभान्वित हुए, जिसमें आयुर्वेद पद्धति से 376 व होम्योपैथी पद्धति से 104 लोग शामिल थे तथा ब्लड शुगर के 156 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क उपचार किया गया। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.बी.के.चन्द्रवंशी, डॉ.नंदकिशोर खम्हारी, डॉ.संतोष कुमार गुप्ता, डॉ.प्रशांत सक्सेना, डॉ.अनुराधा सिंह, डॉ.गजानन पटेल, डॉ.दिनेश पटेल, डॉ.एन.के.खहारी, रविशंकर श्रीवास, हेमशंकर श्रीवास, नीलकंठ देवांगन, दिनेश सारथी, राजेश साव, डोलनारायण सिदार, दिलेश्वर सिदार, श्रीमती मालती महंत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एक स्थायी वारंटी सहित 17 वारंटियों को किया गया न्यायालय पेश

**» खरसिया, कोतरारोड़ व पूंजीपथरा पुलिस लगातार कर रही फरार वारंटियों पर कार्रवाई**



**रायगढ़।** थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक चमन सिन्हा एवं थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक सुमंतराम साहू द्वारा थाना क्षेत्र के प्रत्येक बीट में स्टाफ द्वारा संदिग्धों एवं वारंटियों की पतासाजी कराई जा रही है। इस दौरान लगातार फरार वारंटी पुलिस के हाथ आ रहे है, जिन्हें न्यायालय पेश किया जा रहा है। कल दिनांक 16.12.2021 को कोतरारोड़ थाने के प्रधान आरक्षक प्रेम सिदार, आरक्षक राजेश खांडे, विकास प्रधान द्वारा एक स्थायी वारंटी एवं 06 गिरफ्तारी वारंट की तामिली करते हुए वारंटियों को न्यायालय पेश किया गया। वहीं आज खरसिया पुलिस द्वारा 08 गिरफ्तारी वारंटों एवं पूंजीपथरा पुलिस द्वारा 02 गिरफ्तारी वारंट की तामिली की गई है।

कोतरारोड़ पुलिस द्वारा मारपीट मामले के वारंटी (1) हेमंत सिदार पिता चंदन सिदार उम्र 26 वर्ष निवासी गोरखा (2) आदि किसान पिता दयाराम किसान उम्र 35 वर्ष निवासी पतरापाली (3) आबकारी एक्ट के वारंटी - प्रदीप सिदार पिता हेमलाल सिदार उम्र 42 वर्ष निवासी बायंग (4) गौरी शंकर चौहान पिता दशरथ चौहान उम्र 32 वर्ष निवासी कुलबा (5) स्थाई वारंटी राज कुमार सिदार पिता स्वर्गीय बाबूलाल सिदार उम्र 36 वर्ष निवासी तरकेला (6) पास्को एक्ट के मामले के वारंटी अघनलाल तुरी पिता तिमडू तुरी निवासी कोसमनारा (7) एक साक्षी को जारी गिरफ्तारी वारंट की तामिली की गई है।

खरसिया पुलिस द्वारा वारंटी (1) मनोज पटेल पिता आनंद पटेल खैरपाली (2) युवराज पटेल पिता पूनम पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी चपले (3) नामदेव उर्फ देव उर्फ गुड्डू पिता परमानंद सिदार जायसवाल निवासल बाम्हनपाली (4) कोमल प्रसाद यादव पिता चुन्नू लाल यादव उम्र 35 वर्ष निवासी बाम्हनपाली (5) कमलेश चौहान पिता रहन लाल चौहान उम्र 23 वर्ष निवासी बांसमुड़ा (6) छत्तर सिंह पिता शोभित उम्र 25 वर्ष निवासी बांसमुड़ा (7) सुनील चौहान पिता मिलाऊ राम चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी बांसमुड़ा (8) चक्रधर साहू पिता दीनदयाल साहू उम्र 22 वर्ष निवासी बांसमुड़ा थाना खरसिया को जारी गिरफ्तारी वारंट की तामिली की गई है। वहीं पूंजीपथरा थाना के प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, सुरूती लाल सिदार, आरक्षक अमृत सिंह, कल्याण सिंह, महिला आरक्षक देवमती माझी के द्वारा गिरफ्तारी वारंटी- जर्नादन प्रसाद पिता स्व. विषीकेशन भट्ट 50 वर्ष निवासी गेरवानी एवं पिन्टू उर्फ पवन भट्ट पिता जर्नादन भट्ट 23 वर्ष निवासी गेरवानी पूंजीपथरा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480